C M Y K

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 264 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 26 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# 1 अप्रैल से टूरिस्ट परमिट नियमों में बड़ा बदलाव, हजारों बस ऑपरेटर्स पर असर तय

## दूसरे राज्यों में रजिस्ट्रेशन कर चल रही बसों पर सख्ती, बिना दस्तावेज और बकाया चालान पर नहीं मिलेगा परमिट

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

सड़क परिवहन व्यवस्था को पारदर्शी और नियमबद्ध बनाने की दिशा में केंद्र सरकार 1 अप्रैल से ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट की शर्तों में बड़ा बदलाव लागू करने जा रही है। नए नियमों का सीधा असर उन हजारों वाहनों पर पड़ेगा, जो एक राज्य में रजिस्ट्रेशन करवाकर दूसरे राज्यों में संचालित हो रहे हैं। खास तौर पर राजस्थान में चल रही 8 हजार से अधिक प्राइवेट बसें इस बदलाव की जद में आएंगी।

दरअसल, लंबे समय से टैक्स बचाने और कम खर्च के लिए बस ऑपरेटर्स अन्य राज्यों में वाहन रजिस्ट्रेशन करवाकर राजस्थान सहित अन्य राज्यों में संचालन कर रहे थे। अब सरकार ने इस व्यवस्था पर रोक लगाने के लिए नियम सख्त कर दिए हैं। नए प्रावधान के तहत टूरिस्ट परमिट उसी राज्य से जारी होगा, जहां वाहन का रजिस्ट्रेशन है, साथ ही ऑपरेटर का निवास या




व्यवसाय भी उसी राज्य में होना अनिवार्य होगा।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस बदलाव से सबसे ज्यादा असर प्राइवेट बस ऑपरेटर्स पर पड़ेगा, क्योंकि राजस्थान में प्रतिदिन चलने वाली बड़ी संख्या में बसें अन्य राज्यों में रजिस्टर्ड हैं, जबकि उनके मालिक यहीं के हैं। अब इन वाहनों का परमिट दूसरे राज्यों से रिन्यू नहीं हो सकेगा।

नए नियमों में टोल और ट्रैफिक चालान को लेकर भी सख्ती बरती गई है। यदि कोई वाहन नेशनल हाईवे से गुजरता है और उसका रिकॉर्ड इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में दर्ज है, लेकिन टोल का भुगतान नहीं किया गया है, तो उसे बकाया माना जाएगा। ऐसे मामलों में परमिट जारी या नवीनीकरण में बाधा आ सकती है। इसी तरह 45 दिन से अधिक पुराने लंबित चालान होने पर पहले उनका निस्तारण जरूरी होगा, अन्यथा परमिट प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी।परमिट आवेदन प्रक्रिया को भी पूरी तरह ऑनलाइन और सख्त किया गया है। अब वाहन के बीमा, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण पत्र और टैक्स की स्थिति की डिजिटल जांच होगी। किसी भी दस्तावेज के अधूरे या एक्सपायर पाए जाने पर परमिट जारी नहीं किया जाएगा। इसके अलावा टूरिस्ट वाहन संचालकों को यात्रा के दौरान यात्रियों की पूरी सूची और तय रूट अपने साथ रखना अनिवार्य होगा। बिना सूची के सवारी बैठाने या रास्ते से यात्रियों को उठाने पर कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि टूरिस्ट परमिट वाले वाहनों का उपयोग नियमित बस सेवा की तरह नहीं किया जा सकेगा।

हालांकि ये नए नियम केवल उन वाहनों पर लागू होंगे, जिन्हें 1 अप्रैल के बाद नया परमिट मिलेगा या जिनका परमिट इस तारीख के बाद नवीनीकरण होगा। जिन वाहनों का परमिट फिलहाल वैध है, वे अपनी अवधि पूरी होने तक पुराने नियमों के तहत ही संचालित हो सकेंगे। केंद्र सरकार ने राज्यों को निर्देश दिए हैं कि 1 अप्रैल से संशोधित नियमों को प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि धीरे-धीरे सभी टूरिस्ट वाहन नए सिस्टम के दायरे में आ सकें।

# महिला उत्पीड़न प्रकरण में आरोपी को 3 वर्ष की सजा, 11,500 रुपए अर्थदंड

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**( पुनीत चपलोत)**

शाहपुरा थाना क्षेत्र में दर्ज एक महिला उत्पीड़न मामले में माननीय अतिरिक्त सेशन न्यायालय (महिला उत्पीड़न प्रकरण), भीलवाड़ा ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 3 वर्ष के कारावास एवं 11,500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

प्रकरण के अनुसार पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ थाना शाहपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 अक्टूबर 2020 की शाम वह अपने खेत में कपास समेटकर गांठ बांध रही थी।

इसी दौरान आरोपी दिनेश वहां पहुंचा और महिला को अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर पीड़िता किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर घर पहुंची और घटना की जानकारी सास-ससुर को दी।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने आरोपी को समझाइश दी, लेकिन आरोपी ने विवाद करते हुए मारपीट भी की। इसके बाद थाना शाहपुरा में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

अनुसंधान के दौरान आरोपी के विरुद्ध आरोप प्रमाणित पाए जाने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया।

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक एडवोकेट अदिति सेठिया ने प्रभावी पैरवी करते हुए 8 गवाह एवं 11 दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। अभियोजन पक्ष की दलीलों एवं साक्ष्यों के आधार पर माननीय न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए 3 वर्ष के कारावास और 11,500 रुपए के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया।

# बीमारी से जंग लड़ रही बेटी को बचाने निकला पिता हादसे में हार गया जिंदगी की जंग

## NH-48 पर भीषण टक्कर, एक ही परिवार के 6 लोग घायल


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

कभी-कभी किस्मत ऐसे मोड़ पर ले आती है, जहां उम्मीद और हादसा आमने-सामने खड़े नजर आते हैं। एक पिता अपनी कैंसर पीड़ित बेटी को जिंदगी देने की आस में गुजरात से भीलवाड़ा के लिए निकला था, लेकिन रास्ते में ही दर्दनाक सड़क हादसे ने उसकी जिंदगी छीन ली। यह हादसा बुधवार सुबह गुलाबपुरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-48 पर आडी पुलिया के पास हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत और परिवार के छह लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार गुजरात के दाहोद जिले से समु भाई का परिवार अपनी 20 वर्षीय कैंसर पीड़ित बेटी बकुला को इलाज के लिए भीलवाड़ा के रायला ला रहा था। परिवार उम्मीदों के साथ सफर पर था, लेकिन अचानक एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बोलेरो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो का आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।

इस हादसे में बोलेरो सवार संजय भाई (50) पुत्र दारू भाई निवासी इटावा, दाहोद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग भी मदद के लिए दौड़ पड़े।

सूचना मिलने पर गुलाबपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से गुलाबपुरा अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।



घायलों में कृष्णा बेन (35), भरत (25), चारु (32), नरसिंह (33), शकला (40) और कागु (26) शामिल हैं, जो सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमॉर्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# 1 अप्रैल से कोटा-बड़ोदरा सीधी बस सेवा शुरू

## निर्धारित समय-सारिणी जारी, राजस्थान-गुजरात सफर होगा आसान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा / बूंदी**

कोटा से बड़ोदरा के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित सीधी बस सेवा 1 अप्रैल 2026 से शुरू होने जा रही है। बूंदी डिपो द्वारा संचालित यह सेमी डीलक्स बस कोटा, बूंदी, बिजोलिया, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर होते हुए अहमदाबाद व बड़ोदरा तक संचालित होगी, जिससे यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

निर्धारित समय के अनुसार बस प्रतिदिन दोपहर 3:10 बजे कोटा के जवाहर नगर कोचिंग क्षेत्र से रवाना होकर शाम 4 बजे नयापुरा बस स्टैंड से बड़ोदरा के लिए प्रस्थान करेगी। यह बस शाम 5:10 बजे बूंदी, 6:15 बजे बिजोलिया, रात 8:30 बजे चित्तौड़गढ़ और रात 11:30 बजे उदयपुर पहुंचेगी। इसके बाद बस सुबह 5:30 बजे अहमदाबाद और सुबह 7:30 बजे बड़ोदरा पहुंचेगी।

वापसी में बस बड़ोदरा से शाम 4 बजे रवाना होकर शाम 6:45 बजे अहमदाबाद से चलेगी और रात 11:30 बजे उदयपुर पहुंचेगी। इसके बाद चित्तौड़गढ़ रात 2:30 बजे, बिजोलिया सुबह 5:30 बजे, बूंदी 6:30 बजे होते हुए सुबह 7:30 बजे कोटा पहुंचेगी।

यह सेवा विशेष रूप से कोचिंग विद्यार्थियों और गुजरात आने-जाने



वाले यात्रियों के लिए उपयोगी साबित होगी। बस के लिए ऑनलाइन रिजर्वेशन और सीट बुकिंग 1 अप्रैल से शुरू होगी। बूंदी डिपो के मुख्य प्रबंधक घनश्याम गौड़ ने बताया कि यह सुपरफास्ट सेमी डीलक्स बस यात्रियों को आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी।



# वैधता अधिनियम के विरोध में पेंशनर्स ने मनाया काला दिवस



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर।** वित्त मंत्रालय के वैधता अधिनियम 2025 के विरोध में स्थानीय पेंशनर्स एसोसिएशन ने बुधवार को 'काला दिवस' मनाते हुए प्रधानमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा।

पेंशनर्स ने आरोप लगाया कि यह अधिनियम सेवानिवृत्ति तिथि के आधार पर भेदभाव करता है, जिससे पुराने पेंशनर्स को वेतन आयोग के लाभ से वंचित किया जाएगा। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय के विरुद्ध बताते हुए आपत्ति जताई।

पेंशनर्स ने सरकार से अधिनियम को तत्काल वापस लेने तथा सभी पेंशनर्स के लिए समानता सुनिश्चित करने की मांग की।

# मोबाइल व नई टेक्नोलॉजी से समाज-संस्कृति पर पड़ रहा गलत प्रभावः दीपशिखा

## काछोला में केशवी टेक्नो विद्यालय भवन का हुआ शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

प्रतिस्पर्धा के इस दौर में इंग्लिश बोलने या केवल पढ़ाई करने से अधिक, मोबाइल की नई-नई टेक्नोलॉजी का समाज और संस्कृति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। यह बात काछोला में केशवी टेक्नो विद्यालय के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि विवेक सुषमा धाकड़ चेरिटेबल ट्रस्ट की चेयरपर्सन दीपशिखा धाकड़ ने कही।

उन्होंने कहा कि जीवन को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। आज समाज के हर वर्ग के व्यक्ति के लिए शिक्षित होना जरूरी है। पढ़-लिखकर ही व्यक्ति समाज में सम्मानपूर्वक स्थान बना सकता है और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि मोबाइल की लत से दूर रहकर शिक्षा पर ध्यान दें और रील हीरो बनने की बजाय वास्तविक जीवन में सफल होकर 'रियल हीरो' बनें। विद्यालय को उन्होंने शिक्षा का मंदिर बताते हुए कहा






कि यह हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है।

कार्यक्रम में भाजपा नेता संदीप सोनी ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ शिक्षा ग्रहण कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। व्यक्ति को अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें दूर करना चाहिए और आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए कि 'तुमसे बेहतर कोई नहीं है।' उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें पढ़ना, लिखना और प्रभावी ढंग से बोलना सिखाती है तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच जरूरी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद भवानीराम जाट ने की। अतिथियों का स्वागत डायरेक्टर एस.एस. चौधरी एवं सोहनलाल वैष्णव ने किया। इस अवसर पर एडीईओ माध्यमिक कैलाशचंद्र सुथार, एडीईओ प्रारंभिक जगजितेंद्र सिंह, सीआई मालीराम, कान सिंह ओस्तवाल, डॉ. एन.के. सोनी, सत्यनारायण वैष्णव, पूर्व उपप्रधान बंटी धाकड़, लादूलाल धाकड़, कैलाश मंत्री, मनीष मेघवंशी, राजेंद्र रेगर, कैलाश धाकड़ सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रतिवेदन एस.एस. चौधरी ने प्रस्तुत किया तथा संचालन प्रधानाचार्य सोहनलाल वैष्णव ने किया।

# नवरात्र पर गायत्री शक्तिपीठ में विशेष पूजा-अर्चना, भक्तों ने दी आहुतियां



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

कस्बे के बस स्टैंड स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ भक्तों ने विशेष पूजा-अर्चना की। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और परिक्रमा लगाकर मां गायत्री की आराधना की।इस दौरान यज्ञ कुंड में आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। मंदिर परिसर में मां गायत्री का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। वहीं हवन और आरती में भी भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# जहाजपुर क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात, 1.30 करोड़ के स्कूल भवन सहित कई योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

**गजानंद जोशी**

क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक गोपीचंद मीणा ने बुधवार को विभिन्न गांवों में करोड़ों रुपए के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गईं।कार्यक्रम के तहत शकरपुरा व जामोली गांव में करीब 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सार्वजनिक उद्यान एवं चारदीवारी का डीएमएफटी फंड से शिलान्यास किया गया। वहीं भरणी ग्राम पंचायत के ओड़िया खेड़ा में माडा योजना के



अंतर्गत 20 लाख रुपए की सिंचाई पाइपलाइन का उद्घाटन किया गया।

भाजपा कार्यकर्ता राजकुमार धाकड़ ने बताया कि सरसिया गांव में नई पंचायत बनने पर पंचायत भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। साथ ही गांव में 5 लाख रुपए की लागत से बने विश्राम गृह का भी लोकार्पण किया गया।

विधायक मीणा ने कहा कि क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने भरणी कला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 1 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से बने नए विद्यालय भवन, खेल मैदान, पेयजल टंकी, टैंक व मंच का लोकार्पण किया। साथ ही 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का शिलान्यास भी किया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने 18 लाख रुपए के अतिरिक्त निर्माण कार्यों की घोषणा की, जिसमें प्रार्थना सभा भवन (डोम) और पेयजल के लिए बोरिंग कार्य शामिल है।

इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मांगीलाल जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद, ज्ञानचंद कंजर, विश्वजीत सिंह राणावत, राजकुमार धाकड़, सुरेंद्र मीणा, पीलू धाकड़, सावरा धाकड़, मुकेश धाकड़, प्रभुलाल धाकड़, भागचंद सनाढ्य सहित कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जैन श्रीसंघ का स्नेह मिलन, खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक समिति न्यू आजाद नगर श्री संघ के तत्वावधान में सिखवाल भवन में स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत नवकार महामंत्र के साथ हुई। इसके बाद पुरुष, महिला व बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गई, जिनमें 'मां की ममता' नाटिका और समूह नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे।

खेल प्रतियोगिताओं में विभिन्न वर्गों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों प्रियांशी कोठारी, डिंपल भंडारी व शिखा कांठेड़ का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बसंतीलाल मेहता, प्रेम सिंह चंडालिया, सीए नरेंद्र पोखरना सहित कई अतिथि उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों व सहयोगियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

# जोगणिया माता में आज अष्टमी पर उमड़ेगा आस्था का सैलाब, रातभर दर्शन व्यवस्था

## महारात्रि जागरण में उमड़ी भीड़, राजपरिवार सहित कई गणमान्य पहुंचे

**भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू ।**

**दिनेश गुर्जर ।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ में आस्था का अनूठा माहौल बना हुआ है। अष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर में पूरी रात दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे दूर-दराज से आने वाले भक्तों को सुविधा मिल सके।

मंगलवार को महारात्रि जागरण के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इसी क्रम में बूंदी राजपरिवार के महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए। संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी द्वारा उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। महाराव राजा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कर सायंकालीन आरती में चंवर सेवा की और क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की।





इस अवसर पर उपखंड अधिकारी अंकित सामरिया, नायब तहसीलदार विष्णु लाल यादव, महेंद्र सिंह उलेड़ा, पुरुषोत्तम पारीक, राजवीर सिंह सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे। वहीं घुमंतू बोर्ड के अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा ने भी मंदिर पहुंचकर दर्शन कर आशीर्वाद लिया और घुमंतू जनजातियों के उत्थान के लिए प्रयासों पर बल दिया।

अष्टमी पर आज आयोजित भजन संध्या भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी, जिसमें जोधपुर के मोईनुद्दीन मनचला, मुंगाना के जगदीश वैष्णव तथा उदयपुर के एसके इवेंट द्वारा धार्मिक झांकियों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

# अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले के फूलियाकलां थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी राजकुमार नायक के नेतृत्व में की । पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान देवरिया का खेड़ा गांव में संदिग्ध अवस्था में हाथ में तलवार लहराते हुए एक युवक दिखाई दिया। पुलिस ने पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम परमेश्वर पिता मदन भील निवासी पनोतिया बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तलवार जब्त कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर हिरासत में लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# आसींद क्षेत्र के 219 स्कूलों में मेगा पीटीएम आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

सीबीईओ परिक्षेत्र के 219 राजकीय विद्यालयों में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लेकर बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली।

इस दौरान कक्षा 1 से 4, 6 से 9 व 11 के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए और विद्यार्थियों के रिपोर्ट कार्ड अभिभावकों को सौंपे गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी अर्जुन लाल बुनकर ने पालड़ी, कावलाश, ब्रहमणो की सरेरी और भाटी खेड़ा विद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अभिभावकों से संवाद किया।




QUICK BITES

## मेगा पीटीएम में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।



कस्बे के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा 10 में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

विद्यालय की छात्रा रेनू धाकड़ ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि लक्ष्मण गुर्जर व शिवम माली ने 91.67 प्रतिशत, प्रियंका सोडाणी ने 90.83 प्रतिशत तथा अक्षत मंत्री ने 90.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

कार्यक्रम में संस्था प्रधान सोनिया स्वर्णकार, जनप्रतिनिधि संदीप सोनी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कैलाश सुथार एवं जगजीतेंद्र सिंह सहित अन्य अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं आशीर्वचन प्रदान किए। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों व स्टाफ को उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्य अभिषेक माहेश्वरी, विष्णु सोनी एवं दुर्गा पारीक ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को 500-500 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया। साथ ही अन्य कक्षाओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## इंडेन गैस एजेंसी का निरीक्षण, कालाबाजारी पर सख्ती के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शाहपुरा तहसील क्षेत्र के खामोर ग्राम स्थित बालाजी इंडेन एलपीजी ग्रामीण वितरक एजेंसी का बुधवार को तहसीलदार भींवराज परिहार द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गैस सिलेंडरों के भंडारण, वितरण व्यवस्था एवं उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं का गहनता से जायजा लिया गया।

तहसीलदार भींवराज परिहार ने एजेंसी संचालक को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नियमानुसार एवं समय पर उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, अनियमितता या अतिरिक्त वसूली पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, वितरण प्रणाली एवं सुरक्षा मानकों की भी जांच की गई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन को राहत प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

अंत में एजेंसी संचालक को निर्देशित किया गया कि सभी उपभोक्ताओं को सरकारी नियमों के अनुसार उचित मूल्य पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की शिकायत का त्वरित समाधान किया जाए।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# देवनारायण मंदिर से निकली भव्य कलश व निशान यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।



हर्षलों की झुपड़ीयां ग्राम स्थित श्री देवनारायण मंदिर प्रांगण में आयोजित सप्तमी बंधेज उद्यापन कार्यक्रम के तहत बुधवार को भव्य कलश यात्रा एवं निशान यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवान देवनारायण की प्रतिमा के साथ दलपुरा देवनारायण मंदिर के पुजारी रामगोपाल गुर्जर एवं बरोदा के पुजारी प्रभुलाल चौहान को सुसज्जित रथ में विराजमान कर बिन्दोरी निकाली गई। यात्रा पूरे गांव में भक्ति एवं श्रद्धा के माहौल में निकली, जिसमें महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती नजर आईं।

कार्यक्रम में जगरूप गुर्जर, मूलचंद गुर्जर, रतिराम गुर्जर, रामराज गुर्जर, बनवारी गुर्जर, आशाराम गुर्जर, सांवरिया गुर्जर, पप्पूलाल गुर्जर सहित समिति से जुड़े अनेक सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

आयोजन समिति ने बताया कि गुरुवार को सुबह हवन पूर्णाहुति तथा दोपहर बाद प्रसादी वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर मालासरी आसींद के महंत हेमराज पोसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# माँ दुर्गा का विशेष अभिषेक, हरि शेवा आश्रम में गूंजे जयकारे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। बुधवार को सुबह 9:15 बजे माँ दुर्गा का विधिवत अभिषेक कर काजू से सहस्त्रार्चन किया गया।

पंडित सत्यनारायण शर्मा, मनमोहन शर्मा एवं वासुदेव शर्मा सहित तीन वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच यह अनुष्ठान सम्पन्न हुआ, जिससे पूरा वातावरण दिव्यता से भर गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार माँ भगवती का सूखे मेवों से अर्चन विशेष फलदायी माना जाता है, जो जीवन में सुख-समृद्धि, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि नवरात्रि का प्रत्येक दिन आत्मशुद्धि, साधना और शक्ति उपासना का विशेष अवसर होता है तथा माँ दुर्गा की कृपा से भक्तों के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है।

इस अवसर पर आश्रम के संत सुयज्ञ राम उदासीन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विशेष अरदास कर आरती की गई। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

आगामी कार्यक्रमों के तहत गुरुवार को दुर्गाष्टमी के अवसर पर सुबह 11:15 बजे विशेष जड़ी-बूटियों से हवन-यज्ञ आयोजित होगा, जिसमें वातावरण शुद्धि एवं लोककल्याण की कामना की जाएगी। वहीं शुक्रवार, को सुबह 11:15 बजे कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा, जिसे नवरात्रि का अत्यंत पुण्यकारी अनुष्ठान माना जाता है।


पूरे आयोजन के दौरान आश्रम में 'राम-राम' एवं 'जय माता दी' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा और श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति करते नजर आए।

इस दौरान संत मायाराम, संत राजाराम, संत गोविंद राम, संत केशव राम, ब्रह्मचारी मिहिर, हीरालाल गुरनानी, रविंद्र जाजू, मनीषा जाजू, इंद्र अवतानी, रोमा नोतानी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# चिकित्सकों के लंबित मामलों पर विधायक कोठारी ने मांगी स्पष्टता

## एसीपी, नियमितीकरण, पेंशन व भर्ती प्रक्रिया में विसंगतियों पर उठाए सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी चिकित्सकों से जुड़े लंबित एवं जटिल मामलों में स्पष्टता लाने के लिए राज्य सरकार से विस्तृत जानकारी मांगी है।

उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को एसीपी परिलाभ देने, नियुक्ति व नियमितीकरण तिथियों में अंतर तथा पेंशन निर्धारण से जुड़े मामलों में कई विसंगतियां सामने आ रही हैं। विशेष रूप से वर्ष 2009 में दिए गए एसीपी लाभ, 1996 की अधिसूचना के आधार पर नियमितीकरण तथा वर्ष 2015 में जारी आदेशों को लेकर उन्होंने विस्तृत जानकारी और लाभान्वित चिकित्सकों की सूची उपलब्ध कराने की मांग की है।

कोठारी ने समान अवधि में कार्यरत आयुर्वेद, यूनानी व होम्योपैथी चिकित्सकों के साथ अलग-अलग व्यवहार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पेंशन आक्षेप, सेवा निवृत्ति के बाद रिफिक्सेशन और रिकवरी आदेशों पर स्पष्ट जवाब देने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने न्यायालय के निर्णयों की पालना में हो रही देरी पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि विभाग द्वारा 'नो अपील' का निर्णय लिया गया है, तो संबंधित आदेशों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

विधायक ने राजपत्रित पदों पर भर्ती प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आरपीएससी के माध्यम से भर्ती के प्रावधानों के बावजूद समिति के जरिए की गई नियुक्तियों की वैधानिक स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त करना है, ताकि चिकित्सकों के साथ न्याय हो सके और विभागीय विसंगतियों का समाधान किया जा सके।

# ऑस्ट्रेलिया से मास्टर डिग्री लेकर लौटी भाविका खोतानी का सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




**मूलचंद पेसवानी** । शहर की प्रतिभाशाली छात्रा भाविका खोतानी के ऑस्ट्रेलिया से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बिजनेस एनालिटिक्स) में मास्टर डिग्री प्राप्त कर लौटने पर सिंधी समाज द्वारा सम्मान किया गया।

सिंधु नगर स्थित झूलेलाल मंदिर में आयोजित समारोह में भाविका का फूल-मालाओं, तिलक और दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान समाजजन ने उसकी उपलब्धि पर खुशी जताते हुए गर्व व्यक्त किया।

मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि भाविका, हरीश खोतानी एवं दिवंगत निशा खोतानी की सुपुत्री हैं। जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया से मास्टर डिग्री प्राप्त करने के साथ ही अध्ययन के दौरान स्कॉलरशिप भी हासिल की, जो उसकी प्रतिभा को दर्शाता है। समारोह में संत किशन दास ने भाविका को तिलक लगाकर व माला पहनाकर आशीर्वाद दिया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर समाज के अन्य प्रतिभाशाली युवा डॉ. लकी नारवानी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# नखराली गणगौर इवेंट में झलकी परंपरा और उत्साह

## रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन व एडवोकेट स्नेह परिवार का संयुक्त आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन एवं एडवोकेट स्नेह परिवार के संयुक्त तत्वावधान में गणगौर महोत्सव के उपलक्ष्य में नखराली गणगौर इवेंट का आयोजन महेश वाटिका में किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक राजस्थानी परिधान में भाग लेकर उत्सव को जीवंत बना दिया।

कार्यक्रम संयोजक वंदना चोखड़ा ने बताया कि शुरुआत ईसर जी और गणगौर माता की सवारी के साथ हुई, जिसे मातृशक्ति ने पारंपरिक गीतों के साथ आयोजन स्थल तक पहुंचाया। इसके बाद अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित महिलाओं का तिलक, लच्छा बांधकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया।

संस्थापक निशा कंवर गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद विभिन्न आयु वर्ग की बालिकाओं और महिलाओं के लिए रेम्प वॉक आयोजित किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मिस गणगौर और मिसेज गणगौर प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं, जिनमें विजेताओं को 'नखराली गणगौर' खिताब के साथ मोमेंटो, ऊपरना और क्राउन देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बेस्ट ड्रेस, बेस्ट श्रृंगार, बेस्ट दोहा, बेस्ट चूड़ा एवं फोटोग्राफी जैसी प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

अंत में सभी विजेताओं को परितोषिक प्रदान किए गए।

# एक मुट्ठी दाना, एक लोटा जल' अभियान का शुभारंभ

## शाहपुरा में 1501 परिंडे लगाने का लक्ष्य, गौरैया संरक्षण को लेकर जागरूकता

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी ।** जीव दया सेवा समिति द्वारा 'एक मुट्ठी दाना, एक लोटा जल' अभियान का शुभारंभ रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर जगतगुरु आचार्य श्री स्वामी रामदयाल जी महाराज के सान्निध्य में किया गया। रामनिवास धाम में रामस्नेही अनुरागियों को परिंडे वितरित कर अभियान की शुरुआत की गई।
कार्यक्रम के तहत इस वर्ष शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 1501 परिंडे लगाए जाएंगे, जिससे गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराया जा सके।
इस अवसर पर आचार्यश्री ने कहा कि पानी जीवन का आधार है और मूक प्राणियों के लिए परिंडे अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने महाप्रभु रामचरणजी महाराज के जल संरक्षण संबंधी संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि प्यासे पक्षियों को पानी उपलब्ध कराना महान पुण्य का कार्य है। समिति संयोजक अतू खां कायमखानी ने बताया कि गौरैया जैसे छोटे पक्षी तेजी से लुप्त हो रहे हैं, जिसके पीछे पेड़ों की कटाई, कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग, शहरीकरण और घोंसलों के लिए स्थान की कमी जैसे कारण हैं। ऐसे में जनसहभागिता बेहद जरूरी है।
उन्होंने बताया कि समिति पिछले 20 वर्षों से इस मुहिम को निरंतर चला रही है और हर वर्ष 'हर घर एक परिंडा' अभियान के माध्यम से जागरूकता फैलाती है। इस वर्ष भी शाहपुरा सहित आसपास के गांवों में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।
कार्यक्रम में संत निर्मलराम, पार्षद डॉ. मोहम्मद इशाक, सौरभ लोहार, नारायण लाल गाडरी, एजाज खां कायमखानी, अमन पांचाल, अक्षत पांचाल, अरबाज खान सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# आदर्श विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

## कक्षा-10 का शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी परिणाम, मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी ।** शाहपुरा के आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा-10 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।
मुख्य अतिथि पुलिस उपअधीक्षक ओमप्रकाश विश्नोई, विशिष्ट अतिथि प्रबंध समिति अध्यक्ष कन्हैया लाल वर्मा एवं सचिव विजय सिंह राणावत उपस्थित रहे। मंच संचालन अर्चना दाधीच ने किया। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी रहा। अंशुल सुवालका (96.17%) प्रथम, अभिनव नागर (96%) द्वितीय, अभिषेक लखारा (95.50%) तृतीय एवं अंशिका मीणा (95%) प्रमुख रहे। कुल 20 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।
कार्यक्रम में सभी मेधावी विद्यार्थियों का माला, स्मृति चिन्ह एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इस दौरान ओमप्रकाश विश्नोई ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और अनुशासन का महत्व बताया, वहीं कन्हैया लाल वर्मा ने इसे शिक्षकों व विद्यार्थियों की संयुक्त मेहनत का परिणाम बताया। अंत में विजय सिंह राणावत ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# सवाईपुर विद्यालय में मेगा पीटीएम, विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

## दसवीं बोर्ड सहित अन्य कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत, मेधावियों को किया सम्मानित

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव**

कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मेगा पीटीएम का आयोजन कर विभिन्न कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।
प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने बताया कि दसवीं सहित अन्य कक्षाओं का परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। कक्षा 11वीं ए में मनभर सुथार (86.30), अपूर्वा बैरागी (78.10) व साजिद हुसैन मंसूरी (77.10) रहे। 11वीं बी में प्रियांशी शर्मा (92.10), कोमल जाट (83.60) व अमन जाट (75) तथा 11वीं सी में दीपक जाट (84.80), विकास जाट (77.07) व उपासना श्रोत्रिय (76.10) ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।
कक्षा 10वीं ए में मैना जाट (85.33), रोहित श्रोत्रिय (84.50) व आयुष श्रोत्रिय (77.67) तथा 10वीं बी में दीपिका कंवर (86.50), राधा जाट (74.83) व हिमांशु बैरवा (73.67) प्रमुख रहे।
कक्षा 9वीं ए में अंजलि सुथार (90.08), चेतन सिंह राठौड़ (82.17) व क्रिंजल श्रोत्रिय (81.33) तथा 9वीं बी में कोमल जाट (70.33), समोक्ष कंवर पुरावत (63.75) व वर्षा कंवर पुरावत (63.58) ने अच्छा प्रदर्शन किया।
इसी प्रकार कक्षा 6 में देवकिशन जाट (91.16), ममता जाट (85.25) व खुशी जाट (83.75) तथा कक्षा 7वीं में आयुष वैष्णव (82.67), किशन लाल प्रजापत (82.50), मधुसूदन जाट व लक्की माली (82.17) ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए।
सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रशासक किशन लाल जाट, समाजसेवी शांतिलाल आचार्य, श्याम सुंदर श्रोत्रिय एवं रामकुमार जाट द्वारा दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।



# भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान सफलतापूर्वक संपन्न

## 39 मंडलों में 273 सत्र, 131 वक्ताओं ने दिया वैचारिक प्रशिक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में जिलेभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 13 मार्च से 25 मार्च तक 39 मंडलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए।
जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में वैचारिक प्रतिबद्धता मजबूत करना, पार्टी की कार्यपद्धति, इतिहास, संगठनात्मक कौशल, सोशल मीडिया व तकनीक के उपयोग की जानकारी देना तथा राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।
इन शिविरों में कुल 273 सत्र आयोजित हुए, जिनमें 131 वक्ताओं ने प्रशिक्षण दिया। उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, सतीश पूनिया, नारायण मीणा सहित कई जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।
शिविरों में पहली बार सरल एप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन और ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की गई। साथ ही प्रार्थना, योग, भजन संध्या व सामूहिक भोजन जैसे आयोजनों ने कार्यकर्ताओं में अनुशासन और सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया।

# 10 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

गुलाबपुरा थाना पुलिस ने डीएसटी व साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी मुकेश कुमार गुर्जर (26) निवासी तोरनिया, थाना पारसोली, जिला चित्तौड़गढ़ को दबोचा है।
पुलिस ने कार्रवाई थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई । पुलिस ने बताया की 18 मई 2024 को आसींद पुलिस ने गश्त के दौरान ट्रेलर में सीमेंट के कट्टों के नीचे छिपाकर ले जाए जा रहे 109 कट्टों में करीब 22 क्विंटल डोडाचूरा बरामद किया था। इस मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी, जिसमें मुख्य आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।
विशेष टीम ने मुखबिर सूचना व तकनीकी सहायता से आरोपी का पीछा कर उसे गिरफ्तार किया। इस प्रकरण में पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।
पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है तथा मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े अन्य नेटवर्क की जांच जारी है।

QUICK BITES

# आकोला में स्वर्ण कलश स्थापना को लेकर ध्वज स्थापना आज

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत )** कस्बे में भगवान लक्ष्मी नाथ, नाहर सिंह माता व तेजाजी महाराज मंदिर पर स्वर्ण कलश स्थापना समारोह के तहत गुरुवार को ध्वज स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रातः 7 बजे भगवान लक्ष्मी नाथ मंदिर में विधिवत ध्वज पूजन किया जाएगा। इसके बाद ध्वज का कस्बे में भ्रमण कराया जाएगा, जो सुबह 9 बजे महायज्ञ स्थल पर स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महायज्ञ का आयोजन 30 अप्रैल से 8 मई तक किया जाएगा, जिसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है।

# रामनवमी पर बिजौलिया में आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



**मानव तिवाड़ी।** रामनवमी के अवसर पर कस्बे में गुरुवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।
शोभायात्रा शाम 7 बजे श्री चारभुजा नाथ मंदिर परिसर से पूजा-अर्चना के बाद भव्य बेवान के साथ प्रारंभ होगी। यह यात्रा बड़ा दरवाजा, सब्जी मंडी, तेजाजी का चौक होते हुए नगर पालिका चौक पहुंचेगी, जहां विधि-विधान से बेवान की पूजा की जाएगी। इसके बाद शोभायात्रा पुनः चारभुजा मंदिर लौटेगी। आयोजन में सकल हिंदू समाज की भागीदारी रहेगी।

# नाथद्वारा-सांगानेर रेलमार्ग की मांग संसद में उठी

## सांसद दामोदर अग्रवाल ने नियम 377 के तहत मेवाड़ क्षेत्र के लिए रखा प्रस्ताव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



सांसद दामोदर अग्रवाल ने लोकसभा सत्र के दौरान नियम 377 के तहत मेवाड़ क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित नाथद्वारा से सांगानेर वाया कांकरोली, गंगापुर, गुरलां, कारोई, बनेड़ा, शाहपुरा व केकड़ी रेलमार्ग को स्वीकृति देने की मांग उठाई।
सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि अग्रवाल ने सदन में इस मांग को प्रमुखता से रखते हुए कहा कि उक्त रेलमार्ग की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। इसके स्वीकृत होने से क्षेत्रवासियों को नाथद्वारा, कांकरोली, गढ़बोर चारभुजा जी और शाहपुरा जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस रेलमार्ग से उद्योग, व्यापार और विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा, वहीं मार्ग में स्थित औद्योगिक इकाइयों को माल परिवहन में सहूलियत होगी।

# एचपीवी वैक्सीन योजना पर दिया प्रशिक्षण, स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूकता बढ़ाने के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुधवार को सेक्टर मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मियों एवं संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू करना रहा।
बैठक में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) वैक्सीन योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। डॉक्टर युवराज सिंह चौधरी ने बताया कि यह वैक्सीन महिलाओं और किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने में महत्वपूर्ण है। कार्मिकों को वैक्सीनेशन के लक्ष्य, प्रक्रिया, पात्रता और जागरूकता के तरीकों पर प्रशिक्षण दिया गया।
अधिकारियों ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में आमजन को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक कर अधिक से अधिक लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाएं।
बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर उन्हें बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने पर जोर दिया गया तथा अंत में सभी से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया।

# बनकाखेड़ा में विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**




**( सांवर वैष्णव )** क्षेत्र के बनकाखेड़ा गांव में बुधवार को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी (तपेदिक) जैसी गंभीर संक्रामक बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसके उन्मूलन के लिए प्रयास तेज करना रहा।
आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेद औषधालय के प्रभारी डॉ. मुकेश वैष्णव ने बताया कि इस वर्ष की थीम 'हाँ! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं' रखी गई है, जो सामूहिक प्रयास और जागरूकता पर जोर देती है।
इस अवसर पर औषधालय में संगोष्ठी आयोजित की गई तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को गांव को टीबी मुक्त रखने की शपथ दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि बनकाखेड़ा आयुष्मान आदर्श गांव के रूप में चयनित है और वर्तमान में टीबी मुक्त है।
कार्यक्रम में नर्स लाड़ आचार्य, एएनएम आशा धोबी, आशा सहयोगिनी गायत्री, सीमा, विमला, जुबेदा, परिचारक शांता देवी तथा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।